# DR. SHREYA’S ENDOCRINOLOGY CLINIC

## पेडिनीसोलोन या हैड्रोकार्टिसोन लेने वाले मरीज़ों के ललये आवश्यक सूचना/सलाह

1. आपको दवा जीवन भर लेनी है।
2. पेडिनीसोलोन (Prednisone) या हैड्रोकार्टिसोन (Hydrocortisone) के बारे में आपको निम्नलिखित साव्धानियाँ बरतनी हैं ।
3. आपको यदि हलका बुखार है जैसे खाँसी, सर्दी, मामूली उलटी, दस्त होने पर अपनी दवा की खुराक दुगना कर दीजिये।
4. यदि बुखार अधिक हो या अधिक मात्रा में उल्टी दस्त या निमोनिया हो तो आप दवा की खुराक तीन गुना कर दें।
5. मरीज़ यदि बहुत सुस्त दिखता है, ज़्यादा मात्रा में उल्टी करता हो जिसके कारण दवा नहीं ले सकता है या बेहोश हो जाता है तो आप इफकोरलिन या हैड्रोकार्टिसोन, इंजेक्शन तुरन्त दें तथा अपने नज़दीकी चिकित्सक से संपर्क करें।
6. यदि आपको दवा खाने के तुरन्त बाद उल्टी हो जाये तो दवा की वही खुराक फिर से खायें या दें।
7. इन निर्देशों के अलावा बुखार के इलाज के लिये आप अपने नज़दीकी चिकित्सक से संपर्क करें।
8. जैसे ही बीमारी ठीक हो जाती है, पेडिनीसोलोन की खुराक को दैनिक डोज़ पर ले आयें।
9. यदि फलोरिनेफ (Florinef) दवा भी अपके लिये बताई गयी है , तो उसकी खुराक को बीमारी के दिनों में बढाना नहीं है।
10. गर्मी के दिनों में आहार में ज़्यादा नमक लेने की आवश्यकता होती है।